तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 77वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस अधीक्षक





12 समाधान महाविद्यालय में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस ...





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


**खबर संक्षेप**

### रानो स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**बेमेतरा।** साजा विकास खण्ड के उच्चतर माध्यमिक शाला रानो में गणतंत्र दिवस पर प्रातः प्रभात फेरी निकालकर गांव भ्रमण किया गया। सर्वप्रथम आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात क्रमशः ग्राम पंचायत एवं शाला परिसर में ध्वज फहराया गया। ध्वज को सलामी दी गई फ़रि राष्ट्रगान, राजकीय गीत एवं राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया। मंचस्थ अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। सभी बच्चों ने बहुत ही सुन्दर एवं शानदार प्रस्तुति दी। देवी गीत की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया वो झूम उठे।सांसद प्रतिनिधि डॉ संतोष साहू ने अपनी भावनाएं रखी तथा प्रभारी प्राचार्य द्वारिकाराम वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। संचालन व्याख्याता भूषण ढीमर ने किया। कार्यक्रम की तैयारी नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन, प्रज्ञा जैन एवं सिद्दिका गोस्वामी ने कराई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि डॉ संतोष साहू, विधायक प्रतिनिधि भुनेश्वर साहू, उच्चतर शाला अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, माध्यमिक शाला अध्यक्ष सनातन साहू, सरपंच ममता वर्मा, पूर्व सरपंच रामलाल वर्मा, सचिव भोला पटेल, पंचायत प्रतिनिधि, मितानिन बहनें, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजूषा सोनकन्डे एवं पिंकी वर्मा, तीनों विभाग के समस्त कर्मचारी, बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बेमेतरा।** गणतंत्र दिवस पर प्राथमिक शाला भेंडरवानी विकासखंड साजा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवराम वर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रामअवतार वर्मा तथा विशेष अतिथि के रूप में राकेश वर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्जुन वर्मा प्रधान पाठक द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों शेष पेज 12 पर

**पर्व**

झांकियों में दिखीं शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

# मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने किया ध्वजारोहण, परेड की ली सलामी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ 77वें गणतंत्र दिवस पर बेमेतरा में राष्ट्रभक्ति का उल्लास

जिले में 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को पूरे हर्षोल्लास, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। जिला मुख्यालय के बेसिक मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में लोकसभा सांसद विजय बघेल ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश पढ़कर सुनाया। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा शांति, एकता और सौहार्द के प्रतीक स्वरूप तिरंगे रंग के गुब्बारों को आकाश में छोड़ा गया, जिससे पूरा मैदान देशभक्ति के रंग में रंग गया।

समारोह में विधायक श्री दीपेश साहू, कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत के अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अर्द्धसैनिक बलों, जिला पुलिस बल एवं नगर सेना की टुकड़ियों द्वारा आकर्षक एवं अनुशासित परेड प्रस्तुत की गई। परेड में कदमताल, वेशभूषा और समन्वय ने दर्शकों को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। समारोह में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यक्रमों एवं विभागीय गतिविधियों पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इन झांकियों के माध्यम से आम जनता को योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी रूप में दी गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशु चिकित्सा, आदिम जाति कल्याण सहित अन्य विभागों की झांकियाँ दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से मैदान गूंज उठा।

### शहीदों के परिजन एवं उत्कृष्ट कर्मियों का सम्मान

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस जवानों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्वच्छता कर्मचारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभागीय झांकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृषि विभाग,द्वितीय स्थान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा तृतीय स्थान उद्यानिकी विभाग को प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता में प्रथम जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा,द्वितीय एलंस पब्लिक स्कूल तथा तृतीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बेमेतरा को मिला। परेड प्रतियोगिता में प्रथम पुलिस बल प्लाटून क्रमांक-1,द्वितीय पुलिस बल प्लाटून क्रमांक-2 एवं तृतीय नगर सेना प्लाटून रही। जूनियर ग्रुप में प्रथम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला तथा द्वितीय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला (स्काउट) रही। समग्र रूप से जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और जनभागीदारी का जीवंत उदाहरण रहा।

## नगर पालिका कार्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



**बेमेतरा।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय परिसर में गरिमामयी एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सभापति विकाश तम्बोली, सभापति नीतू कोठारी सहित नगर पालिका के अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने संविधान निर्माताओं को स्मरण करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने नगर के समग्र विकास, स्वच्छता, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति नगर पालिका की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सभी कर्मचारियों से ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए संकल्प लिया। समारोह शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# तालाब में डुबोकर की युवक की हत्या शव मिला, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

बेरला थाना क्षेत्र और नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 3 में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब स्थानीय खड़गा तालाब में एक युवक की लाश बरामद हुई।

मृतक की पहचान 25 वर्षीय प्रीत द्विवेदी के रूप में की गई है, जो स्थानीय भाजपा नेता यतीश द्विवेदी के भतीजे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रीत द्विवेदी 25 जनवरी 2026 से लापता थे। परिजनों और स्थानीय लोगों द्वारा तलाश किए जाने के बाद, आज सुबह उनका शव खड़गा तालाब में तैरता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही बेरला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

### आरोपी ने जुर्म का कबूलनामा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संदेह के आधार पर संजू सागरवंशी नाम के युवक को हिरासत में लिया। वही बेरला एसडीओपी विनय ने बताया कि पुलिस ने जब संजू सागरवंशी से कड़ी पूछताछ कि तो आरोपी ने बताया कि दोनों खड़गा तालाब किनारे एक साथ बैठ कर शराब पी रहे थे। जिसके बाद दोनों में बातों ही बातों में वाद-विवाद बढ़ गई। वही प्रीत द्विवेदी को तालाब के पानी में डुबो-डुबो मार दिया गया। जिसके बाद पानी के अंदर ही शव के ऊपर पत्थर से दबा दिया गया ताकि शव पानी के ऊपर न आये। जिससे उनके मौत हो गई। इस तरह अपना गुनाह कबूल कर लिया। आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसी ने प्रीत द्विवेदी की हत्या की है।

### पुलिस की कार्रवाई जारी

एसडीओपी विनय साहू के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल हत्या के पीछे के मुख्य कारणों और हत्या के शेष पेज 12 पर

पाव गैंग के नाम से नशाखोरी कर लोगों को करता था आतंकित

# नगर में दहशत का पर्याय रहे किशन की हत्या, कुंआ में मिला पत्थर से बंधा शव

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/खम्हरिया

नगर और आसपास के क्षेत्र में लंबे समय से दहशत फैलाने वाले कुख्यात बदमाश किशन वर्मा उर्फ पाव की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

खम्हरिया थाना क्षेत्र से सटे कबीरधाम जिले के थाना सहसपुर लोहारा अंतर्गत चौकी रणवीरपुर के सीमावर्ती ग्राम पैलपार स्थित एक कुएं से अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान बाद में ढेकापुर निवासी किशन वर्मा पिता रामेश्वर वर्मा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार मृतक के शव को पत्थर से बांधकर कुएं में फेंका गया था, जिससे प्रथम दृष्टया यह सुनियोजित हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।



घटना की सूचना मिलते ही रणवीरपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला गया। गौरतलब है कि किशन द्वारा एक नागरिक पर किए गए प्राणघातक हमले के विरोध में कुछ समय पूर्व सर्व समाज द्वारा नगर बंद कर प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया गया था। उसकी गतिविधियों से नगरवासी लंबे समय से त्रस्त थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में तीन या उससे अधिक लोगों की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश, अवैध कारोबार या आपसी गैंगवार जैसे सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### सीने पर गुदे टैटू से हुई पहचान

शव बरामद होने के बाद पहचान को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी, लेकिन मृतक के सीने पर गुदे हुए "रावण भक्त" शब्दों वाले टैटू के आधार पर परिजनों ने उसकी शिनाख्त किशन वर्मा के रूप में की। इसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

### आपराधिक पृष्ठभूमि का था मृतक

पुलिस सूत्रों के मुताबिक किशन वर्मा पिछले लगभग 10 वर्षों से थाना खम्हरिया क्षेत्र में सक्रिय था और गांजा व नशीली गोलियों जैसे मादक पदार्थों की अवैध बिक्री में संलिप्त था। वह अपने साथियों के साथ "पाव गैंग" के नाम से जाना जाता था और आम नागरिकों में भय का माहौल बनाए हुए था। मृतक के विरुद्ध खम्हरिया थाने में पास्को एक्ट सहित आधा दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। वह अक्टूबर शेष पेज 12 पर

राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

# जेवरा स्कूल के 17 खिलाड़ी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2025–26 में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। 19 वर्ष आयु वर्ग की सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में शानदार पदकीय प्रदर्शन के आधार पर जेवरा स्कूल के कुल 17 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ राज्य टीम में किया गया है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर एवं रायगढ़ में किया गया था, जिसमें दुर्ग संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जेवरा विद्यालय के खिलाड़ियों ने प्रभावशाली खेल कौशल का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों के दिल्ली एवं नागपुर रवाना होने



पर उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांगे, विद्यालय प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन, सरपंच महेन्द्र पाटिल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं सदस्य, प्रधान पाठक विनोद कुमार चौहान, सीएससी उद्धव साहु, व्याख्याता एवं शिक्षकगण—नीता साहू, पुष्कर भोंसले, संतोष साहू, रश्मि अग्रवाल, दीपशिखा माने, शाहिना सिन्हा, योगेश्वर देवांगन, पदमजा सिंह, मंजूषा सिंह, रौशनी गुप्ता, प्रमोद जानी, सुजाता पटेल, घनश्याम डनसेना, चिकेंद्र साहू, कविता शर्मा सहित सहायक कोच प्रिंस सिंह एवं कमल यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को लेकर गर्व और हर्ष का वातावरण है।

### दिल्ली में खेलेंगे 8 खिलाड़ी

दिल्ली में 30 जनवरी से 3 फरवरी 2026 तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले जेवरा विद्यालय के खिलाड़ी हैं- सागर यदु, राम यादव, सोनू यादव, उमेंद्र दास, चांदनी यादव, आसमीन सिन्हा, देविका यदु एवं हीना घृतलहरे।

**नागपुर में 9 खिलाड़ी करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व:** वहीं नागपुर में आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (सॉफ्टबॉल, 19 वर्ष आयु वर्ग) में जेवरा विद्यालय से चयनित खिलाड़ी भोली साहु, काजल साहु, तारनी यदु, तनु यादव (बालिका वर्ग)एवं मयंक निषाद, देव पाटिल, संदीप पटेल, लक्ष्य कांठले, शिकेश (बालक वर्ग) छत्तीसगढ़ टीम में शामिल होकर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# मंच से फूटा अध्यक्ष का दर्द, सीएमओ व राष्ट्रीय दल पर लगाए विकास में रोड़ा डालने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवकर

■ भाषण के बीच पार्षद मंच छोड़कर रवाना, देवकर नगर पंचायत में खुलकर सामने आई राजनीतिक खींचतान

नगर देवकर में 77वें गणतंत्र दिवस का समारोह उस समय राजनीतिक विवाद और प्रशासनिक टकराव का केंद्र बन गया, जब नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने गांधी चौक मैदान में ध्वजारोहण के बाद दिए अपने संबोधन में सीएमओ और राष्ट्रीय राजनीतिक दलों पर विकास कार्यों में जानबूझकर बाधा डालने के गंभीर आरोप लगाए। अध्यक्ष के तीखे भाषण के दौरान नगर पंचायत के कई पार्षद मंच छोड़कर चले गए,



जिससे कार्यक्रम का माहौल तनावपूर्ण हो गया। अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने ध्वजारोहण कर स्कूली बच्चों एवं स्काउट-गाइड की परेड की सलामी ली। इसके पश्चात अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में विकास कार्य लगातार बाधित किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के इशारे पर सीएमओ द्वारा उन्हें बार-बार दस्तावेजों के अवलोकन, जानकारी के नाम पर परेशान किया जा रहा है, यहां तक कि आरटीआई लगाने के लिए भी मजबूर किया जा रहा है। अध्यक्ष ने इसे प्रशासनिक अवहेलना और संवैधानिक अधिकारों का हनन करार दिया।

### अटल परिसर में ध्वजारोहण पर कड़ा एतराज

अध्यक्ष ने अटल बिहारी वाजपेयी परिसर में नगर पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा किए गए ध्वजारोहण पर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सामान्य परिषद की बैठक में कांग्रेस टिकट से निर्वाचित पार्षद के नाम पर अटल परिसर में ध्वजारोहण की सहमति देना भाजपा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और अपमान है। शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया ध्वजा रोहण



**कवर्धा।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी व भारतमाता प्रतिमा सौंदर्यीकरण स्थल में आहिरवार समाज से जीवन लाल आहिरवार ने ध्वजारोहण किया। डॉ.भीमराव अंबडेकर उघान में श्रीमती मनीषा साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 20, रानी झांसी बालोद्यान में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, शारदा संगीत महाविघालय में श्रीमती चित्ररेखा कुंभकार पार्षद वार्ड क्रमांक 15 एवं जय स्तंभ गांधी मैदान में डोनेश राजपूत पार्षद वार्ड क्रमांक 06 ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही जय स्तंभ चौक में नव निर्मित शहीदों की प्रतिमा पर नगर पालिका परिवार ने माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त पार्षदगण, अधिकारी, कर्मचारी, स्वच्छता दीदी व वरिष्ठ नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### भारतीय किसान संघ ने किया ध्वजारोहण

**कवर्धा।** बलराम भवन, कवर्धा में भारतीय किसान संघ द्वारा 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। गणतंत्र दिवस के साथ-साथ ही भारतीय किसान संघ के प्रमुख आयोजनों में से एक भारत माता पूजन भी श्रद्धा एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान भारत माता के चित्र का विधिवत पूजन कर राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं समृद्धि के लिए संकल्प लिया गया। समारोह में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में संघ के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने संविधान के आदर्शों, किसान हित, स्वदेशी विचारधारा एवं राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



### कलेक्ट्रेट में कलेक्टर ने फहराया तिरंगा ध्वज

**कवर्धा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने तिरंगा ध्वज फहराया। इसके पूर्व उन्होंने परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प माला चढ़ाकर उनको नमन किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रदेश और देश के हित में कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विनय कुमार पोयाम, नरेन्द्र कुमार पैकरा, सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस में सामूहिक गायन का आयोजन

**कवर्धा।** गणतंत्र दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कवर्धा जिला मुख्यालय स्थित आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीजी.कॉलेज मैदान में गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह सहित उपस्थित विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत का गायन किया गया।

### ग्राम कोदवा में नवधा रामायण का आयोजन

**कोदवागोडान।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम कोदवा गोडान में नवधा रामायण का आयोजन बीते 23 जनवरी बसंत पंचमी से शुरू हो चुका है, जो 1 फरवरी तक चलेगा। ग्राम पुरोहित श्री मुरारी पाठक के आचार्यत्व में प्रतिदिन अखंड पाठ और हवन पूजन के अलावा मानस मंडलियों द्वारा मानस गान और प्रवचन का कार्यक्रम होता है। राम कथा की बहती गंगा से गांव का वातावरण आध्यात्मिक और राममय हो गया है, जहां प्रतिदिन मानस मंडलियां आकर श्री रामकथा का गायन वादन और व्याख्या करती हैं। वहीं समय समय पर बाहर से आए विद्वानों का प्रवचन भी होता है, जिससे ग्रामीणों को रामायण की शिक्षा और ज्ञान प्राप्त हो रहा है। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से आयोजित इस आयोजन में अंचल से प्रतिदिन मानस मंडलियां आकर अपनी प्रस्तुति दे रही हैं।

## पेज 11 के शेष...

### गणतंत्र दिवस पर हुए ...

ने स्वागत गीत, देशभक्ति गीत जय हो, देश रंगीला, सुलतान, गलती से मिस्टेक, जोहार जोहार, बेनी मा गांथ, टम टम सॉन्ग, लुका ले तोर चेहरा ला, आमा मौर, काने के बाली तथा बस्तरीह सॉन्ग डांस जैसे गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। सभी बच्चों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।
कार्यक्रम में बुधराम साहू, मनमोहन साहू, जागेश्वर साहू, डोकेश सेन, कोल्हू साहू, लोकू साहू, नंदकुमार साहू, सुमरण साहू, नंदकुमार चौहान, बेदराम वर्मा, गैंदलाल साहू, पोषण वर्मा, हरिशंकर साहू, धर्मेंद्र वर्मा, कन्हैया यादव, प्रमीला साहू, यशोदा वर्मा, सतरूपा साहू, अंजनी साहू, गीता साहू, कुमारी साहू, ऊषा साहू, विश्वाशा साहू, त्रिवेणी साहू, बिटन साहू सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### तालाब में डुबोकर की ...

तरीके को लेकर पुलिस गहन जांच कर रही है। इस घटना के बाद से नगर पंचायत बेरला और आसपास के अंचल में मातम और आक्रोश का माहौल है।

### नगर में दहशत का ...

माह में जमानत पर जेल से बाहर आया था। जांच की जा रही है।
पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शवः शव बरामदगी के बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सहसपुर लोहारा भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में एहतियातन पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### मंच से फूटा अध्यक्ष का ...

उन्होंने भाजपा संगठन से इस पूरे मामले का संज्ञान लेने की मांग की। भाषण के दौरान मंच छोड़ गए पार्षदः अध्यक्ष के आरोपों से असहज होकर भाषण के बीच ही कई पार्षद मंच छोड़कर चले गए, जिससे नगर पंचायत के भीतर गहराते राजनीतिक मतभेद खुलकर सामने आ गए। पूरे घटनाक्रम ने नगर देवकर की राजनीति में चल रही अंदरूनी खींचतान को सार्वजनिक मंच पर उजागर कर दिया है, जिससे आने वाले दिनों में राजनीतिक तापमान और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। व्यवस्थाओं पर भी उठाया सवालः कार्यक्रम स्थल पर स्कूली बच्चों के लिए न तो छाया की समुचित व्यवस्था थी और न ही पीने के पानी की, जिस पर भी सवाल उठे। वहीं अटल परिसर के लोकार्पण कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष के मंच साझा करने और भाषण देने को लेकर अध्यक्ष ने कहा कि विधायक प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष ने आपसी सहमति बना ली है। अध्यक्ष का सीधा इशारा था कि उपाध्यक्ष अतुल शर्मा कांग्रेस है ओर अजय अग्रवाल भाजपा विधायक के प्रतिनिधि है जो आपस में गठजोड़ बना लिए है।

---

मध्यस्थ दर्शन आधारित एमडी एप से तकनीक को मानवीय दृष्टि से जोड़ने का प्रयास

# समाधान महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय एवं आईटीआई में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल एवं सहायक प्राध्यापकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में एआई एलाइनमेंट के शोधकर्ता, मध्यस्थ दर्शन के अध्येता एवं सॉफ्टवेयर इंजीनियर अचल अग्रवाल रायपुर से रहे। उन्होंने प्रथम सत्र में "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं शिक्षकों के लिए इसका प्रभाव एवं उपयोग" विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दौरान श्री अग्रवाल ने मध्यस्थ दर्शन सहअस्तित्ववाद, चेतना विकास एवं मूल्य शिक्षा के प्रणेता पूज्यनीय श्रद्धेय ए. नागराज जी के मध्यस्थ दर्शन को आधार बनाकर विकसित किए गए 'एमडी एप' की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

■ मध्यस्थ दर्शन के आधार पर एआई का संतुलित और सार्थक उपयोग जरुरी- अचल अग्रवाल

इस एप में जीवन विद्या – एक परिचय, दर्शन, वाद, शास्त्र एवं मानवीय संविधान की सूत्र व्याख्या से संबंधित पुस्तकें सॉफ्ट रूप में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही एप में शिविरों की अनुसूची, परिभाषा संहिता, उन्नत सर्च इंजन एवं डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।द्वितीय सत्र विद्यार्थियों के लिए शिक्षा एवं दैनिक जीवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग-पढ़ाई, परीक्षा तैयारी, मोबाइल एप्स एवं स्मार्ट टेक्नोलॉजी में एआई विषय पर आयोजित हुआ। इस सत्र में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सामान्य से वृहद स्तर तक की जानकारी प्रदान की। गूगल जैमिनी के विभिन्न टूल्स की जानकारी दी, जिनमें कैनवास, क्रिएट इमेज एवं वीडियो जेनरेटिंग टूल्स के साथ-साथ प्रो के फास्ट थिंकिंग फीचर एवं जैमिनी प्रो संस्करण की क्षमताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को लेकर जिज्ञासा व्यक्त करते हुए प्रश्न किया कि इसका प्रयोग हमारे लिए किस सीमा तक उचित है। इस पर मुख्य वक्ता श्री अग्रवाल ने उत्तर देते हुए कहा कि एआई का उपयोग सदैव स्वविवेक एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि एआई को जितनी प्रामाणिक और गुणवत्तापूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है, वह उतनी ही सटीक, उपयोगी और सार्थक जानकारी उपयोगकर्ता को उपलब्ध कराता है। अतिथियों को महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। अंत में महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू, आईटीआई की प्राचार्या आशा झा, अधीक्षक आकाश हिरवानी एवं समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ. जी. डी. मानिकपुरी, निधि तिवारी, संगीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, योगेश्वर सिन्हा, रूपेंद्र डहरिया, नंदनी वर्मा, राजेंद्र वर्मा, राजेश गजपाल, प्रीति शर्मा, राजेश यादव, अंशु दत्ता, गायत्री राजपूत, श्रीयता तिवारी, शिवराज साहू, तुकाराम जोशी,रेशमा पटेल, होरीलाल देवांगन, पीलादास कुर्रे , रितेश साहू व जोगेंद्र साहू सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**बेमेतरा।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण से पूर्व उन्होंने महात्मा गांधी जी एवं छत्तीसगढ़ महतारी की विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। इसके उपरांत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" का भी भावपूर्ण गायन किया गया, जिससे कार्यक्रम में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का वातावरण सृजित हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कलेक्ट्रेट में उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नागरिक कर्तव्यों का स्मरण कराते हुए सभी से अपने दायित्वों का ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर, डिप्टी कलेक्टर प्रीतम चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति की भावना के साथ हुआ।

### जिले के धान खरीदी केन्द्रों में जाम की स्थिति

**कवर्धा।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, लेकिन धान के समय पर उठाव और परिवहन की समुचित व्यवस्था नहीं होने से कई उपार्जन केन्द्रों में गंभीर जाम की स्थिति बन गई है। इसका सीधा असर किसानों के साथ-साथ समिति कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है। विकासखंड कवर्धा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति खपरी-झलमला में धान खरीदी लगभग पूरी हो चुकी है। केवल दो-तीन किसानों से करीब 1000 क्विंटल धान खरीदी शेष है। समिति में अब तक 1207 किसानों से कुल 63,165.60 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुर्नरीक्षण 2026 की प्रगति का रोल ऑब्जर्वर अभिनव गुप्ता ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶। बेमेतरा

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए नियुक्त रोल ऑब्जर्वर अभिनव गुप्ता ने सोमवार 27 जनवरी 2026 को बेमेतरा जिले का भ्रमण कर पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवं आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किए जा रहे कार्यों की बारीकी से समीक्षा की। रोल ऑब्जर्वर अभिनव गुप्ता ने बेमेतरा नगरपालिका क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बैठक में बीएलओ द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए, जिनकी उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है और इसमें बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर कार्यालय के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज केसरिया एवं जयशंकर उराव भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत वर्तमान में लॉजिकल एरर वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कर क्लस्टर स्तर पर सुनवाई की जा रही है। यह कार्य सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में रोल ऑब्जर्वर तहसील कार्यालय बेमेतरा पहुंचे, जहां तहसीलदार बेमेतरा अनिरुद्ध मिश्रा द्वारा ग्राम गुनरबोड़ के मतदाताओं की सुनवाई प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। उन्होंने प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच की तथा निर्वाचन कार्यालय के ऑपरेटर द्वारा ऑनलाइन किए जा रहे निराकरण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को सूक्ष्मता से देखते हुए आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात रोल ऑब्जर्वर ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा के मतदान केंद्र क्रमांक 01 अगरी स्थित ग्राम पंचायत भवन में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मोरध्वज साहू द्वारा की जा रही सुनवाई का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाताओं से प्राप्त किए जा रहे दस्तावेजों की जांच की तथा प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बेमेतरा प्रकाश कुमार भारद्वाज एवं साजा की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हर्षलता वर्मा से भी आवश्यक जानकारी ली गई। रोल ऑब्जर्वर ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दीप्ति वर्मा, निर्वाचन पर्यवेक्षक संतोष कुमार नामदेव, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मानकर उईस्यानी, आशुतोष गुप्ता, जयंत पटले, राजाराम लहरे, बीएलओ सुपरवाइजर तथा विभिन्न मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजपूत क्षत्रीय समाज छत्तीसगढ़ जिला कबीरधाम दो सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कवर्धा



राजपूत क्षत्रीय समाज छत्तीसगढ़ जिला कबीरधाम के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध में समाज के पदाधिकारियों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि यूजीसी द्वारा 13 जनवरी 2026 को 4 काले नियमों को लागू कर सवर्ण विद्यार्थियों के साथ कुठाराघात किया है। दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली सर्वदलीय संसदीय समिति ने उच्च शिक्षा में जातिगत भेदभाव रोकने के नाम पर सवर्ण विद्यार्थियों के भविष्य में अंधेरा कर दिया है। समाज ने बताया कि इस नियम का सेक्शन 3 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता और व्यक्तिगत आजादी के अधिकारों का उल्लंघन है। इससे सामान्य वर्ग के विद्यार्थी स्वघोषित अपराधी हो जाएंगे। वोट बैंक की राजनीति में सर्वदलों ने इस पर अपनी सहमति दी है। इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए, अन्यथा हमारा समाज उग्र आंदोलन करेगा। साथ ही राजपूत क्षत्रीय समाज छत्तीसगढ़ जिला कबीरधाम ने ज्योतिष्पीठाधीश शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती के साथ प्रयागराज प्रशासन द्वारा जिस प्रकार दुर्व्यवहार किया जा रहा है, उसका बुरजोर विरोध करते हुए निंदा की है।

समाजिक पदाधिकारियों ने मांग की है कि यूपी शासन-प्रशासन अतिशीघ्र ज्योतिष्पीठाधीश शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती से चर्चा कर उन्हे पूर्ण सम्मान प्रदान करे। अन्यथा इस मामले में भी हमारे समाज के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### कलेक्टर ने अपने निवास में फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जहां जिला कार्यालय में ध्वजा रोहण किया वहीं उन्होने सुबह अपने निवास परिसर में भी तिरंगा ध्वज फहराया। उन्होंने गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान गाया।

### जिला पंचायत में अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने धूमधाम से फहराया तिरंगा



**कवर्धा।** जिला पंचायत कबीरधाम में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने तिरंगा ध्वज फहराकर सभी को शुभकामनाएं देते हुए अपने कर्तव्यों का बोध कराते हुए राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दी। जिला पंचायत प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम विनय कुमार पोयाम, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, वीरेंद्र साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू, विजय पटेल, लोक चंद साहू सहित जिला पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने आपस में एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर खुशियां बाटी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि पूरे विश्व में भारत का लोकतंत्र आदर्श के रूप में विद्यमान है जहां सभी धर्म जाति संप्रदाय के लोग एक साथ मिलकर राष्ट्र की प्रगति पर अग्रसर है तथा संविधान ने सबके अधिकारों को संरक्षित कर प्रगति का समान अवसर दिया है। सन 2047 तक अपने भारत देश को विकसित राष्ट, बनाने के लिए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए ग्रामीणों को इससे जोड़ने का आह्वान भी किया गया।

### कवर्धा के पास बनेगा ओशो आश्रम, तीन दिवसीय ध्यान शिविर सम्पन्न

**कवर्धा।** शहर में आयोजित तीन दिवसीय ओशो आवासीय ध्यान शिविर रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस शिविर में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कैनेडा सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए ओशो प्रेमियों और स्थानीय साधकों ने तीन दिनों तक ध्यान साधना कर मानसिक शांति और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। शिविर का संचालन कर रहे स्वामी बोधीमन्यू ने बताया कि ध्यान व्यक्ति को तनाव, भय और भ्रम से मुक्त कर चेतना के उच्च स्तर तक ले जाता है, और यही ओशो दर्शन का मूल संदेश है। वहीं शिविर के आयोजक स्वामी प्रेम कृष्ण ने जानकारी दी कि कवर्धा के समीप बरभंवर क्षेत्र में एक स्थायी ओशो आश्रम की स्थापना की तैयारी चल रही है। इसके लिए लगभग 12 एकड़ भूमि का चयन किया गया है। प्रस्तावित आश्रम देश-विदेश से आने वाले ओशो प्रेमियों के लिए ध्यान और साधना का प्रमुख केंद्र बनेगा। स्वामी प्रेम कृष्ण के अनुसार, आश्रम निर्माण की प्रक्रिया अगले छह माह से एक वर्ष के भीतर पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी उद्देश्य से लोगों को ध्यान के प्रति जागरूक करने और ओशो विचारधारा से जोडने के लिए इस आवासीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया।

उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कवर्धा के मुख्य समारोह में तिरंगा ध्वज फहराया

# कबीरधाम जिले में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कवर्धा

कवर्धा जिला मुख्यालय के आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय पीजी कॉलेज) मैदान में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में तिरंगा ध्वज फहराया। मंत्री श्री देवांगन ने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोडे। उन्होंने तिरंगा ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली तथा जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर वंदे मातरम् रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, डीएफओ निखिल अग्रवाल सहित वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। समारोह स्थल पर जिले के शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों के स्कूली बच्चों ने देश भक्ति, लोक कलाओं, लोक गीतों और लोक परंपराओं पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीता। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित झांकिया निकाली गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिस्त पत्र दिया गया। परेड की विभिन्न टुकड़ियों ने देश भक्ति की धुन पर कतारबद्ध होकर सधे हुए कदमों में अनुशासनशीलता के आकर्षक मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सशस्त्र प्लाटून जिला पुलिस बल, नगर सेना के जवानों ने हर्ष फायर किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 11 परेड दलों ने परेड कंमाडर पुष्पेन्द्र सिंह और सेकेण्ड कमाण्डर त्रिलोक प्रधान के नेतृत्व में प्लाटूनों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी।



मंच संचालन अवधेश श्रीवास्तव एवं श्रीमती मीरा देवांगन द्वारा किया गया। उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश को बताते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में भी हमने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया है। पिछले महीने हमने कबीरधाम में मेडिकल कॉलेज भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है। मुझे लगता है कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती यात्रा को समझना है, तो यहां मेडिकल शिक्षा के विकास को समझना होगा। पहले यहां रायपुर में ही मेडिकल कॉलेज था, अब प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हो चुके हैं। हमारी सरकार ने बिलासपुर में मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया है। इसके साथ ही कोनी में शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज के लिए भूमि का चिन्हांकन भी कर लिया गया है। हमने एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में कराने की व्यवस्था आरंभ की है। आईआईटी की तर्ज पर हम राज्य के जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में प्रौद्योगिकी संस्थाओं का निर्माण करने जा रहे हैं। हमारी युवा आबादी हमारे लिए बड़ी संभावना है। हम राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं को प्रदेश में ला रहे हैं। नवा रायपुर को हम एडुसिटी के रूप में विकसित कर रहे हैं। हम निफ्ट, नाइलिट और फॉरेसिंक यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान यहां आरंभ कर रहे हैं। युवाओं को पढ़ने-लिखने की बेहतर जगह मिल पाए, इसके लिए हम रायपुर नालंबा परिसर के तर्ज पर 34 नगरीय निकायों में अत्याधुनिक लाईब्रेरी बना रहे है।

**खबर संक्षेप**

## जुआ खेलते 8 पकड़ाए 1.85 लाख रुपए जब्त

**राजनांदगांव।** ग्राम घुमका में एक बाड़ी के पास कुछ लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान आठ आरोपी पकड़े गए। फड़ से नगदी रकम 1,85,000 रुपए व ताशपत्ती जब्त किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 जनवरी को घुमका पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम घुमका के चौरसिया बाड़ी के पास 52 पत्ती ताश के साथ कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर ग्राम घुमका के चौरसिया बाड़ी के पास 52 पत्ती ताश में जुआ खेल रहे जुआरियों पर रेड कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपी मुकेश तिवारी, मनोज बघेल, शैलेन्द्र वर्मा, प्रमोद वर्मा, राकेश वर्मा, देवा वर्मा, फागूराम यादव, खेमचंद वर्मा ऊर्फ पप्पू सभी निवासी ग्राम घुमका थाना घुमका से कुल 1.85 लाख रुपए नगदी व चार नग एंड्रायड फोन कीमती 40000 रुपए जुमला कीमती 2.25 लाख रुपए को जब्त कर छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई किया गया है।

## घर में लगाई आग आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** पेट्रोल डालकर घर में आग लगाने की सूचना पर बसंतपुर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते आगजनी की घटना में संलिप्त आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा थाना उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि 27 जनवरी को रात्रि लगभग 12 बजे आरोपी कपिल धीवर एवं एक अन्य विधि से संघर्षरत बालक द्वारा पेट्रोल डालकर उसके घर में आग लगा दी गई।

**पर्व : समाज की मजबूत नींव तैयार करते हैं शिक्षक - विकास दीवान**

# माइंड्स आई इमैजिनेशन स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

माइंड्स आई इमैजिनेशन हाई स्कूल नवागढ़ में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर को तिरंगे, देशभक्ति स्लोगनों एवं रंग-बिरंगे गुब्बारों से भव्य रूप से सजाया गया था। सुबह से ही भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष गूंजते रहे। प्रातः बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्र के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता जनपद सदस्य लाखन सिंह कुर्रे ने की। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर शक्तिधर दीवान एवं प्राचार्या विजयलक्ष्मी दीवान विशेष रूप से उपस्थित रहीं। ध्वजारोहण के पश्चात वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं प्राचार्या का श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि विकास धर दीवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान में निहित अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज का छात्र ही कल का राष्ट्र निर्माता है, इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज की मजबूत नींव तैयार करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लाखन सिंह कुर्रे ने कहा कि संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का अधिकार दिया है। विद्यालय के डायरेक्टर शक्तिधर दीवान ने अपने संबोधन में कहा कि माइंड्स आई इमैजिनेशन हाई स्कूल केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्रभक्ति का भी केंद्र है। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और शिक्षकों को इस सफलता का आधार बताया। प्राचार्या विजयलक्ष्मी दीवान ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें एकता, अनुशासन और समर्पण का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाने का आह्वान किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।





### प्रतिभा को मिला सम्मान

समारोह के दौरान विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए गए। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं की वानिया खान, सानिया बेगम, सिखा सिन्हा, सोनिका साहू एवं योगांशिका बंजारे की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कक्षा 5वीं की लालिमा निषाद, चांदनी बंजारे, दीपांजलि यादव, खुशी देवांगन एवं एंजलीना टंडन को मिला, जबकि तृतीय स्थान कक्षा 7वीं के हेमप्रकाश जायसवाल, सिद्धार्थ ध्रुव, विशाल मिश्रा एवं विराज सिंह ठाकुर ने प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में देशभक्ति और सामाजिक संदेशों की झलक देखने को मिली।

### श्रेष्ठ विद्यार्थियों एवं टॉपर्स का सम्मान

शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए श्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार प्री-प्राइमरी से नैना कांठले, प्राइमरी से दीपांजलि यादव एवं मिडिल से तोयश देवांगन को प्रदान किया गया। साथ ही सत्र 2024–25 के कक्षा टॉपर्स — भावेश घृतलहरे, रूपल राजपूत, लीलांशी साहू, इशानी कुर्रे, दीपांजलि यादव, दिलशान टंडन, राशि मंडल, हंसराज चतुर्वेदी एवं अनुकल्प गुप्ता — को सम्मानित किया गया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन:** नर्सरी से कक्षा 9वीं तक के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। हर प्रस्तुति में आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

### शिक्षकों की रही सराहनीय भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण — बिनोद बेहेरा, बल्लू मन्हरे, मनोज पधान, धर्मेंद्र बारीक, मनीष श्रीवास, पवन सेन, कृष्णा कुर्रे, ममता मिश्रा, ज्योति भारती, रूखमणि पाल, निशि मिश्रा, अशीला खान, वर्षारानी ओगरे, मांसी रजक, पूजा तंबोली, चन्द्रदीप्ति घृतलहरे, कविता रजक, स्नेहा चौबे एवं दिव्या रजक — का विशेष योगदान रहा।



## महिला मोर्चा की बैठक में 'मन की बात' श्रवण एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने रविवार को बालसमुंद मंडल में महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया,साथ ही भाजपा की संस्थापक सदस्य राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर महिलाओं के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में बालसमुंद मंडल अध्यक्ष डॉ. हवेन्द्र वैष्णव, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष राम अवतार साहू, रामू साहू, राहुल शर्मा, दिलीप यादव, संतोषी साहू, पद्मिनी कुर्रे, रेखा साहू, उमा पाटिल (महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष), भुवनेश्वरी साहू, चैती साहू, रेखा, सुलेखा, शिवकुमारी, स्वरूपा, गंगा साहू सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की,इस दौरान महिलाओं ने शाल-श्रीफल भेंट कर जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी का आत्मीय अभिनंदन किया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष डॉ. हवेन्द्र वैष्णव ने नव-नियुक्त महिला जिला अध्यक्ष की सक्रियता, जमीनी कार्यकर्ताओं से मजबूत जुड़ाव और संगठनात्मक कौशल की सराहना की,उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से जिले में महिलाओं की कमान प्रज्ञा निर्वाणी दीदी को मिलने से महिला मोर्चा को नई ऊंचाई मिलेगी,बतौर जनपद अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य उनके कार्य और नाम से पूरा जिला परिचित है।

महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमा पाटिल ने कहा कि प्रज्ञा दीदी के नेतृत्व में उनकी टीम का हिस्सा बनकर काम करना बड़े सौभाग्य की बात है,उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा, उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन में काम करने वाली सक्षम महिलाओं को अवसर मिलेगा और संगठन निर्माण की प्रक्रिया के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में नेतृत्व क्षमता का सशक्त विकास होगा। इस अवसर पर प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि जिले की महिलाओं को मुखर बनाने, मुद्दों की समझ विकसित करने और नेतृत्व व अगुवाई की बागडोर स्वयं संभालने का आत्मविश्वास पैदा करने हेतु महिला मोर्चा द्वारा मंडलवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुझे महिलाओं की भीड़ नहीं चाहिए बल्कि संगठन में भीड़ कर काम करने वाली महिलाएं चाहिए,महिला मोर्चा ग्राम पंचायत से लेकर सदन तक काम करने वाली महिलाओं को अवसर देगा ।

## ट्रक ने बाइक सवारों को ठोंका, दो की मौत

**चिचोला।** बाइक में सवार होकर जा रहे तीन युवकों को ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 25 जनवरी को एक बाइक में सवार होकर खिलेश्वर यादव, रमन यादव एवं सौरभ देवांगन जा रहे थे। वे रात्रि लगभग 9 बजे एलबी नगर राईस मिल के सामने पहुंचे ही थे कि उसी समय सामने से आ रही ट्रक के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। बताया गया कि बाइक को ठोकर मारने के बाद ट्रक एक किराना दुकान के ईंटा सीढ़ी को ठोकर मारते हुए घुस गई। जिससे सीढ़ी क्षतिग्रस्त हो गई।




















संकलनकर्ता - राजेश शर्मा (राजू) हरिभूमि संवाददाता साजा मो. 6260675039

## खबर संक्षेप

### दक्षिण ब्लॉक मंडल के अध्यक्ष बने आफताब

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के अनुमोदन से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की नियुक्ति का आदेश जारी किया। इस आदेश के तहत राजनांदगांव शहर के दक्षिण ब्लॉक में आफताब अहमद को मंडल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। आफताब अहमद ने इस नियुक्ति पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, संगठन सृजन के तहत दक्षिण ब्लॉक प्रभारी हनी ग्रेवाल सहित अन्य का आभार व्यक्त किया।

### इंदामरा मंड़ई 5 को

**राजनांदगांव।** ग्राम इंदामरा में आगामी 5 फरवरी को मंडई-मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच कारी बदरिया ग्राम मोखा तहसील गुरूर जिला बालोद का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। परमानंद वर्मा युवा कांग्रेस नेता एवं अध्यक्ष लोधी समाज इंदामरा ने बताया कि आसपास क्षेत्रों से बहुत ही बड़ी मड़ई मनाया जाता है। श्री वर्मा ने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### युगांतर स्कूल में स्वागत भोज आयोजित

**राजनांदगांव।** नेशनल जैनिज्म फिलेटलिक सोसाइटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महावीर कुंदूर हुबली कर्नाटक, महासचिव तेजकरण जैन राजनांदगांव एवं निवृत्तमान अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन बालोद के स्वागत में युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा स्वागत भोज का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि डाक सामग्रियों की प्रदर्शनियों के माध्यम से जैन धर्म के उद्देश्यों के प्रचार-प्रसार हेतु 2011 में गठित इस सोसाइटी का दो दिनी सम्मेलन श्री केवल्यधाम जैन श्वेताम्बर महातीर्थ में आयोजित था। जिसमें भारत के 10 राज्यों के 60 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। दूसरे दिन तीर्थयात्रा की समाप्ति के साथ पधारे सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। नगर के तेजकरण जैन के महासचिव नियुक्त होने पर उनका भी विशेष स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### 6 को नामदेव समाज का सामूहिक विवाह आयोजन

**राजनांदगांव।** नामदेव समाज के बहुप्रतिक्षित आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी 6 फरवरी को कान्हा गार्डन रोशन परिसर मेला ग्राउंड के सामने इंदौर रोड कसरावद जिला खरगोन मप्र में आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त सामूहिक विवाह में अब तक कुल 6 जोड़ों का विवाह पंजीयन एवं विवाह कार्यक्रम तय हो चुका है। उक्त जानकारी दिनेश नामदेव ने दी।

### पेंशनर्स एसोसिएशन ने बीईओ से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश जिला राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सेवानिवृत्ति शिक्षिका श्रीमती गायत्री देवांगन के प्रकरण को लेकर 27 जनवरी को विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव राजूराम साहू से मुलाकात किया। इस अवसर पर केपी सिंह, राजेश कुमार रथी, बीटी वाल्दे, जीआर देवांगन उपस्थित रहे।

### 90 युवक-युवतियां परिचय सम्मेलन में हुए शामिल

**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति पं.क्र. 5041 राजनांदगांव के तत्वावधान में सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला सतनामी समाज प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संभाग स्तरीय सतनामी समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के साथ-साथ विभिन्न जिले से विवाह योग्य 90 युवक-युवातियों ने भाग लिया। सम्मेलन में सुबह से शाम 6 बजे तक चला। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु गद्दी की पूजा-आरती कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

## संविधान के मूल्यों व अनुशासन के साथ जनसेवा का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में गरिमामय एवं अनुशासित वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। ध्वजारोहण पश्चात उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री साहू ने भारतीय संविधान के मूल्यों, कर्तव्यों एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुलिस बल का दायित्व केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों की सेवा, सुरक्षा और विश्वास को बनाए रखना भी है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस बल द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समर्पण और टीम भावना के साथ कार्य करने से ही पुलिस जनविश्वास अर्जित कर सकती है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को भविष्य में और अधिक सजगता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया।



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी भूषण एक्का, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी शशीकला उईके, सीन ऑफ क्राइम यूनिट बेमेतरा की वैज्ञानिक अधिकारी भारती चंद्राकर, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मयंक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा उप निरीक्षक हरिओम विश्वकर्मा, स्टेनोग्राफर संतोष सोनवानी, सहायक उप निरीक्षक महेन्द्र भुआर्य, प्रधान आरक्षक एश्वर्य सिंह क्षत्री, पेखन सिंह राजपूत, सुरेश भारतेन्दु, राकेश मेरावी, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे सहित आरक्षक व महिला आरक्षक तथा पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान देशभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना का वातावरण बना रहा।

**पर्व : स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को किया गया नमन**

# गणतंत्र दिवस पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया नगर के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों गांधी चौक राम मंदिर, बाजार पारा, कांग्रेस भवन एवं राजीव भवन में ध्वजा रोहण किया गया तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के संदेश को पढ़ा गया। प

र्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बताया कि प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए गणतंत्र दिवस बेहद महत्वपूर्ण दिन है। यह अवकाश, भारत के राष्ट्रीय उत्सव में से एक है हर किसी ने देश भक्ति की भावना जगाता है या उन अवसरों में से एक है जो युवा पीढ़ी को हमारी अद्भुत भारती विरासत और संस्कृति से परिचित कराने में सहायता करता है। यह वह दिन है जिस दिन हम उन महान नेताओं और स्वतंत्रता योद्धाओं का सम्मान करते हैं। जिन्होंने देश की रक्षा में अपना जीवन बलिदान कर दिया गणतंत्र दिवस हमें एकजुट का मूल्य भी सिखाता है।



यह दिन हमें बताता है कि एकजुट होकर देश के लोगों ने ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का समर्थन किया जिससे शक्तिशाली ब्रिटिश शासन की न्यू हिल गई महात्मा गांधी के अहिंसा आंदोलन में हमें दिखाया कि बिना बल प्रयोग या खून बहाए अपने से कहीं अधिक शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी पर कैसे काबू पाया जा सकता है। संविधान यह सुनिश्चित करता है कि देश में कोई जाति पंथ या धार्मिक भेदभाव ना हो और गणतंत्र दिवस इसकी याद दिलाता है। इस अवसर पर सुरेंद्र तिवारी अविनाश राघव टी आर जनार्दन कविता साहू प्राणीश चौबे ललित विश्वकर्मा रश्मि मिश्रा मिथिलेश वर्मा हरीश साहू दिनेश पटेल सुशीला जोशी रीता पांडे सुमन गोस्वामी रूबी सलूजा सनत धर दीवान हेमिन यादव मनोज शर्मा रघु तिवारी रेहाना रवानी सुनील नामदेव पप्पू साहब जनता साहू हरि साहू चितरेन वर्मा मिथलेश वर्मा नवीन ताम्रकार मन्नू बनाफर रमा साहू घनश्याम देवांगन वतन मिश्रा चेतन साहू कोमल पुरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रेरणा विद्यालय में हुआ फेयरवेल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रेरणा विद्यालय में फेयरवेल समारोह अत्यंत गरिमा और उत्साह से संपन्न हुआ। यह अवसर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक और प्रेरणादायी रहा, क्यों कि विद्यालय का तीसरा बैच उच्च शिक्षा और जीवन के नए चरण की ओर अग्रसर हुआ।

■ शिक्षा, संस्कार और संवेदनाओं का रहा गरिमामय उत्सव

प्रेरणा विद्यालय, जो अपनी विशिष्ट शैक्षणिक संस्कृति, अनुशासन और मूल्यों के लिए जाना जाता है, ने इस अवसर पर यह स्पष्ट किया कि यहाँ शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, मानवीय संवेदनाओं और जीवन मूल्यों का समन्वित प्रयास है। शुभकामना दिवस यहाँ केवल विदाई नहीं, बल्कि आशीर्वाद, प्रेरणा और स्मृतियों का उत्सव होता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एन. वी. रमण राव, निदेशक एवं प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी रायपुर उपस्थित रहे। डॉ. राव ने उस्मानिया विश्वविद्यालय से बी.ई., आईआईटी दिल्ली से एम.टेक. तथा यूके से पीएच.डी. एवं पोस्ट-डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। अपने उद्बोधन में डॉ. राव ने विद्यार्थियों से कहा आपने इस संस्थान से केवल शिक्षा नहीं, बल्कि अनुशासन, मूल्य और आत्मनिर्भरता सीखी है। जीवन में ईमानदारी, परिश्रम और सकारात्मक सोच को अपना मार्गदर्शक बनाए रखें। वहीं कक्षा 8वीं और 10वीं के विद्यार्थियों ने संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, जिससे वातावरण भावुक और उल्लासपूर्ण हो गया। इस अवसर पर प्रेरणा स्रोत विद्यार्थी सम्मान – अनुशासन से आत्म-अनुशासन तक की प्रेरणादायक यात्रा के अंतर्गत स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान शैक्षणिक उत्कृष्टता, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, अनुशासन, व्यवहार और सामाजिक कौशल के आधार पर दिया गया। इस वर्ष यह प्रतिष्ठित सम्मान ऋगवेदीता टंडन को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में। छात्रा ऋगवेदीता टंडन ने कहा कि प्रेरणा विद्यालय उनके लिए केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि संस्कार और अपनत्व से भरा परिवार है। छात्र पाटिल हिमांशु ने विद्यालय को व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र बताते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। अभिभावक चेतन लाल साहू एवं प्रेमलाल साहू ने विद्यालय के सुरक्षित, संस्कारयुक्त और प्रेरणादायी वातावरण की प्रशंसा करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आदर्श बताया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और जीवन के नए अध्याय में सफलता की कामना की।

# डाइट में भी मना गणतंत्र का महापर्व

**बेमेतरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की पूजा अर्चना कर संस्थान के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया। संस्थान की छात्राध्यापिकाओं सहित सभी अकादमिक और कार्यालयीन सदस्यों ने एक स्वर में संगीत के साथ राष्ट्रगान गाया। उसके पश्चात डाइट के छात्राध्यापकों के द्वारा सभी गुरुजनों एवं शिक्षिकाओं का आत्मीय अभिनंदन किया गया। प्राचार्य जे के घृतलहरे ने अपने दायित्वों और कर्तव्यों के ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने पर विशेष जोर दिया। प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा यह गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार ही शासित है जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को ग्रहण किया गया तथा 26 जनवरी 1950 को पूरे देश में लागू किया गया। संविधान में सरकार के संसदीय स्वरूप की व्यवस्था की गई है। संविधान को भारत की आत्मा भी कहा गया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आज जिस भारत देश में सब स्वतंत्रता पूर्वक सांस ले रहें है वह हमें हमारे अपने हजारों लाखों लोगों की कुर्बानियों के फलस्वरूप मिली है

■ बेस्ट कार्यालय सहायक के रूप में लेखापाल भारती का हुआ सम्मान



उन सभी वीर शहीदों की स्मृतियों को हमेशा दिलों में संजोकर रखना है। इस अवसर पर संस्थान के बेस्ट प्यून के तौर पर रोहित सेन, बेस्ट कार्यालय सहायक के रूप में लेखापाल अमिंदर भारती और बेस्ट टीचर के रूप में व्याख्याता यमुना जांगड़े का शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर सभा को संस्थान के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक परस राम साहू, प्रहलाद कुमार टिकरिहा, देवी प्रसाद चंदेश्वर, व्याख्याता जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, यमुना जांगड़े ने भी सम्बोधित किया।

व्याख्याता थलज कुमार साहू ने इस अवसर पर बहुत सुंदर देश भक्ति की पंक्तियां प्रस्तुत किया। जी एल खुटियारे ने जब धरथव मेह तिरंगा, आ जथे बापू सुरता ह तोर देश भक्ति का गीत प्रस्तुत किया। जिसमें सभी छात्राओं ने साथ दिया। इस अवसर पर डाइट के सहायक प्राध्यापक डॉ वसुबंधु दीवान, व्याख्याता अनिल कुमार सोनी, अमिंदर भारती, सरस्वती साहू, कमलेश शर्मा, नागेंद्र शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा, रोहित सेन उपस्थित थे।

# लावातरा में शान से लहराया तिरंगा

**बेमेतरा।** बेरला विकासखंड के ग्राम लावातरा में गणतंत्र दिवस मनाया गया। जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यालयीन बच्चों ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सहित वीर सपूतों को याद करते हुए तथा उनके नामों का जय घोष करते हुए बैंड बाजा के साथ प्रभात फेरी निकालकर ग्राम भ्रमण किया। ग्राम के विभिन्न स्थलों पर ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया। इसमें सर्वप्रथम हाईस्कूल में प्राचार्य राकेश पांडेय के द्वारा ध्वज फहराया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत में सरपंच सुनीता साहू, पशु औषधालय में केजू राम यादव, पोस्ट ऑफिस में बजरंगी साहू, गांधी चौक में त्रिलोचन साहू,



आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में संतु पाटिल, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में डेली भारती तथा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में वरिष्ठ शिक्षक हेमचंद साहू के द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य राकेश पाण्डेय के द्वारा एवं मंच संचालन भुवन लाल साहू व्याख्याता हाई स्कूल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच सुनीता साहू एवं पंचायत पदाधिकारियों के द्वारा पूर्व सरपंचों मुखी राम साहू , सरजू राम साहू ,साहब दास कुर्रे, श्यामलाल साहू, सीताबाई कुर्रे, ग्राम के 14 समाज प्रमुखों हरिशंकर तिवारी,योगेश्वर वैष्णव, घसिया राम साहू, दयाराम कुर्रे, बालाराम ध्रुव, रंजीत यादव, राम सोहागिन निषाद, कृष्ण कुमार धीवर, द्वारिका निर्मलकर , शत्रुहन चौहान, खिलावन सेन, पुनाराम पाटिल, पुरुषोत्तम कौशिक एवं राघव विश्वकर्मा का सम्मान किया गया। ग्राम में निः स्वार्थ भाव से उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले लालाराम साहू, रोहित साहू एवं तिलेश्वर साहू को सम्मानित किया गया।

# तिरंगे की पूजा के साथ निकाली कलश यात्रा, ठेलका में उमड़ा आस्था का सैलाब




**साजा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान एवं आयोजक दिव्य ज्योति परिवार ग्राम ठेलका एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस पर तिरंगे झंडे की विधिवत पूजा-अर्चना कर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में सैकड़ों से अधिक महिलाएं एक ही रंग के वस्त्र धारण कर पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुईं। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ यात्रा पूरे गांव, नगर में भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंची। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष साहू, गौरव साहू, भार्गव साहू, लक्ष्मी साहू सहित दिव्य ज्योति परिवार के अनेक सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू भी पहुंचे। साध्वी सुश्री कालिंदी भारती द्वारा महात्मा परीक्षित को साप विषय पर भावपूर्ण कथा वर्णन किया गया।

# शाला बीजागोड़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**बेमेतरा।** विकासखंड साजा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। स्वर्णिमबेला में प्रभातफेरी निकाली गई। नारों एवं महापुरूषों की जय जयकार से गाँव के गली मुहल्ले गुंजायमान हो उठे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत बीजागोड़ के ईश्वर वर्मा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुई।

विद्यालय के प्रधानपाठक विशेषर नेताम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। जिसमें बारहमासी गीत, सुआ, पंथी, फागगीत और डंड़ा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों मंत्रमुग्ध किया। संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास ने बच्चों को संविधान के महत्व एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा द्वारा विद्यार्थियों को देशप्रेम एवं अनुशासन का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का मंच संचालन नवाचारी शिक्षिका



चंदा सिन्हा के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि ईश्वर वर्मा जी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को दो हजार की राशि प्रदान की गयी। साथ ही उपसरपंच मधु निर्मलकर एवं पदाधिकारी ग्राम पंचायत बीजागोड़ द्वारा कापियाँ तथा पेंसिल बॉक्स प्रोत्साहन स्वरुप भेंट की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ, स्वच्छताकर्मी रवि गंधर्व, रसोइया बहनें ग्राम पंचायत सचिव संदीप तिवारी, हिमांचल वर्मा, संदीप वर्मा, हरि गंधर्व, विनोद गंधर्व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

**एकता और संविधान का सम्मान के लिए कार्य करने का लिया संकल्प**

# जिला पंचायत में ध्वजारोहण, अध्यक्ष कल्पना ने दिया राष्ट्रसेवा और समावेशी विकास का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। समारोह को संबोधित करते हुए चायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि 26 जनवरी केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, संविधान और जनआस्था का प्रतीक है। इसी दिन भारत ने स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हमें समान अधिकार प्रदान करता है, साथ ही कर्तव्यों का भी बोध कराता है, जिससे एक सशक्त, संवेदनशील




और जिम्मेदार समाज का निर्माण संभव होता है। अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी पहली और सबसे बड़ी जिम्मेदारी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय, विकास और सम्मान पहुँचाना है। जिला पंचायत का उद्देश्य केवल योजनाएं संचालित करना नहीं, बल्कि जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना है। जब तक शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा तक नहीं पहुँचेगा, तब तक विकास को पूर्ण नहीं माना जा सकता।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन जिला पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। गांव सशक्त होंगे तभी जिला और प्रदेश मजबूत बनेंगे। पंचायतें लोकतंत्र की नींव हैं और उनकी मजबूती से ही देश का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बन सकता है। अध्यक्ष तिवारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे संवेदनशीलता, पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ जनता की सेवा करें। उपस्थितजनों ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक एकता और संविधान के सम्मान की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह शांतिपूर्ण, गरिमामय और प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद वर्मा, सदस्य प्रीति पटेल, प्रतिनिधि गोवेन्द्र पटेल, सुशीला जोशी, हरिश पंचराम साहू, पीयूष शर्मा, प्रियांशू सिंह, प्रेमलता पद्माकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूमिका देसाई, उप संचालक पंचायत मेंश्राम सहित विष्णु साहू, मुकेश साहू, शत्रुहन निषाद, रुस्तम, अभिषेक राजपूत, असीम टिकरिहा, कुलेश्वर सोनी, हरचन मनहरे, दुष्यंत निर्मलकर, दीपक, नवरत्न धीवर, रतन धीवर, महेश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

